तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 17 अगस्त 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



## खबर संक्षेप

### अमृत सरोवर तटों पर गूंजा आजादी का जश्न

स्वतंत्रता दिवस पर कोरिया जिले के 57 अमृत सरोवर तटों पर धूमधाम से तिरंगा लहराया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस अनूठी पहल ने आजादी के पर्व को सामुदायिक उल्लास से जोड़ दिया। ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों और विशिष्ट नागरिकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं, स्कूली बच्चों सहित काफी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में तिरंगा यात्राएं, चित्रकला, कविता और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही पौधारोपण कर हरित कोरिया अभियान का संकल्प लिया गया।

### कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने ध्वजारोहण कर राष्टीय ध्वज को सलामी दी। इस मौके पर उन्होंने छग महतारी की प्रतिमा को नमन की और महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से जूझ रही है, ऐसे में हमें प्लास्टिक के उपयोग को त्यागकर कपड़े और कागज की थैलियों का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने विशेषकर युवाओं से नशा और ड्रग्स से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि घर, परिवार और समाज में के नशे को रोकने के लिए सभी को आगे आना होगा। कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों ने देशभक्ति गीत और कविताएं प्रस्तुत कीं।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ध्वजारोहण



स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोरिया में गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने राष्टीय ध्वज फहराकर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर एसपी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि यह दिन हमें देशभक्ति, अनुशासन और सेवा-भाव के साथ राष्ट निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने पुलिस बल के समर्पण, परिश्रम और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

### राजवाड़े नर्सिंग में गीत की प्रस्तुत



79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजवाड़े इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में ध्वजारोहण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान परिसर में राष्टीय ध्वज फहराया गया और उपस्थितजन ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। ध्वजारोहण के बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इनमें भाषण, गीत और नृत्य की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि 15 अगस्त केवल आजादी का जश्न मनाने का दिन नहीं, बल्कि उन वीरों को याद करने का अवसर भी है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर किए।

## मिनी स्टेडियम में 79 वां स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मना, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

# कोरिया में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा



ध्वजारोहण करते मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल।



परेड का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

79 वें स्वतंत्रता दिवस पर बैकुंठपुर के शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया।

उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि सुशासन का असली मतलब तब है जब आखिरी व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचे। छग स्थापना के 25 वर्षों को छग रजत महोत्सव के रूप में मनाने की जानकारी दी गई। इसके बाद परेड कमांडर के साथ सुसज्जित निरीक्षण वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। समारोह में शांति एवं सद्भावना का प्रतीक के रूप में तीन रंगों-केसरिया, सफेद एवं हरे रंग के गुब्बारों का गुच्छा स्वतंत्रता दिवस अमर रहे की उद्घोष के साथ खुले आसमान में छोड़े गए। राष्टगान की धुन पर जिला पुलिस बल द्वारा तीन राउंड में हर्ष फायर किया गया। समारोह में परेड की टुकड़ियों द्वारा सधे हुए और कदम-ताल मिलाते हुए शानदार मार्च पास्ट किया गया, जो आकर्षण का केन्द्र रहा। मुख्य अतिथि ने सभी प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया और उनके साथ फोटो सेशन कराया। परेड में जिला पुलिस बल, वन विभाग बल, राष्टीय कैडेट कोर, रेडक्रॉस, रोवर, राष्टीय सेवा योजना, स्काउट, स्काउट रेंजर, गाईड्स और स्काउट की तुकड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने समारोह में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान के परिवारजन को सम्मानित किया। गरिमामय स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश प्रेम, बलिदान और संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की स्कूली बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने समारोह में उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए शासकीय सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

समारोह में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, गुरू घासीदास राष्टीय उद्यान के संचालक सौरभ सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित पंचायत व नगरीय निकाय के अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि, छात्र-छात्राओं व जिलेवासी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### आमाखेरवा में विधायक रेणुका ने किया ध्वजारोहण





**मनेन्द्रगढ़।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के आमाखेरवा ग्राउंड में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने ध्वजारोहण कर समारोह की शुरूआत की। ध्वजारोहण के पश्चात उन्होंने परेड की सलामी ली और जिलेवासियों के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश वाचन करते हुए एकता और अखंडता का आह्वान किया। कार्यक्रम स्थल पर शहीद आरक्षक बृजभूषण श्रीवास्तव की पुत्री इर्षिता श्रीवास्तव, शहीद आरक्षक राजेश कुमार पटेल के भाई शिवेन्द्र कुमार पटेल, मिशाबंधी स्वयं मधुसूदन तिवारी, स्वतंत्रता सेनानी मोतीलाल जैन के बेटे ओमप्रकाश जैन, बहू श्रीमती कमला जैन, राजेन्द्र जैन और प्यूस कुमार जैन को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान आने वालों को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि ने विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया, इनमें राजस्व विभाग, जिला पंचायत, जिला शिक्षा विभाग, विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी खड़गंवा एवं चनवारीडांड़, तहसील भरतपुर, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जनसंपर्क विभाग, उप संचालक कृषि, आयुष विभाग, वनमंडलाधिकारी, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, भू-अभिलेख शाखा, खनिज विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। तत्पश्चात रेणुका सिंह ने रजत जयंती कार्यक्रम 2025-26 का भव्य शुभारंभ किया।

### रनई में मना स्वतंत्रता दिवस



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत रनई के हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में ध्वजारोहण समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रनई की उप सरपंच श्रीमती गीता शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। समारोह में सरपंच, पंच, स्कूल प्राचार्य, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सरपंच, उप सरपंच एवं सभी पंचों ने तिरंगे रंग की साड़ी पहनकर देशभक्ति का अनूठा संदेश दिया। विदित हो कि स्वतंत्रता के बाद से अब तक ग्राम पंचायत रनई में कभी भी चुनाव नहीं हुए। यहां सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने जाते हैं। यह परंपरा गांव की एकता, संगठन और सामाजिक समरसता का प्रतीक मानी जाती है।

### राष्ट्रपति पदक से नवाजे गए महेश



**बैकुण्ठपुर।** ट्रैफिक मैन डॉ. महेश मिश्रा को उनकी दो दशक लंबी सेवा और यातायात जनजागरूकता अभियानों के लिए देश के सर्वोच्च सम्मानों में शुमार राष्टपति गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा पदक 2025 से सम्मानित किया गया। राजधानी रायपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें यह पदक भेंट किया। नायक मिश्रा ने स्वयं के खर्चे पर अब तक 500 से अधिक ट्रैफिक जागरूकता शिविर लगाए हैं और लगभग 4 लाख लोगों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया है। वे वाहन चालकों को निःशुल्क चश्मा वितरण, शहर के गड्ढ़े भरना, सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद, कुपोषित बच्चों को पोषण आहार वितरण जैसे कार्यों से समाज सेवा के क्षेत्र में भी निरंतर सक्रिय रहे हैं। राष्ट्रपति पदक मिलने पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह मेरा व्यक्तिगत नहीं, बल्कि जिले और प्रदेश का सम्मान है। यातायात जनजागरूकता अभियान को हमेशा वरिष्ठ अधिकारियों और नागरिकों का सहयोग मिला है।

### ब्रह्माकुमारी विवि में ध्वजारोहण



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बैकुंठपुर में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद संबोधन में बीके रेखा दीदी ने कहा कि 15 अगस्त हमारे जीवन का गौरवशाली दिन है। 1947 में आज ही के दिन भारत को अंग्रेजी शासन से आजादी मिली थी। इस स्वतंत्रता के पीछे लाखों वीर स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान और संघर्ष जुड़ा है। उन्होंने कहा कि आज हमारा कर्तव्य है कि हम उस आजादी की कीमत समझें और देश के लिए ईमानदारी, मेहनत और समर्पण से काम करें। रेखा दीदी ने आगे कहा कि महात्मा गांधी रामराज्य की स्थापना चाहते थे, किंतु वास्तविक रामराज्य की स्थापना केवल परमपिता परमात्मा ही कर सकते हैं। उस दिव्य राज्य में सुख, शांति और अमन-चैन होगा जहां सभी लोग सुखी और संपन्न होंगे। इस अवसर पर बाजारपारा की पार्षद श्रीमती साधना जायसवाल और सेवानिवृत्त प्राचार्य श्रीमती सीता यादव भी मौजूद रहीं।

### नपाध्यक्ष समेत विभिन्न संस्थानों में ध्वजारोहण



**चरचा कॉलरी।** काले हीरे की नगरी चरचा कॉलरी में 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर संयुक्त कार्यालय परिसर समेत विभिन्न संस्थानों में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण माहौल में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर पालिका परिषद कार्यालय एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने नपाअधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा और कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्टीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि यह दिन हमारे देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता का प्रतीक है। हमें इसकी रक्षा और समृद्धि के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। इसी तरह चरचा माइन आरओ सहक्षेत्र प्रबंधक कार्यालय में सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार ने सुरक्षा प्रहरियों की परेड की सलामी लेकर ध्वजारोहण किया। क्षेत्रीय चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय सिंह, कटगोड़ी सॉफ्ट में खान सुरक्षा अधिकारी, चरचा वेस्ट मैनेजर कार्यालय में खान प्रबंधक सिमरजीत सिंह, टावर चौक में ऊँ सांई मोटर एवं ऑटो मालिक संघ, चरचा थाना में थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय तथा मुस्लिम समुदाय की अंजुमन कमेटी ने मस्जिद के समीप ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

### बचपन प्ले स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस



**मनेन्द्रगढ़।** बचपन प्ले स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। 79 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर को शानदार एवं भव्य रूप से बचपन प्ले स्कूल में सभी प्यारे बच्चों, विद्यालय के संचालकों एवं शिक्षिकाओं के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी संचालक एवं शिक्षिकाओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात संचालकों के द्वारा ध्वजारोहण करते हुए राष्टगान गाया गया। कक्षा नर्सरी एवं एलकेजी के बच्चों के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मंच का संचालन साधना सिंह एवं वैष्णवी जायसवाल द्वारा किया गया। विद्यालय के संचालक संजीव ताम्रकार, आशीष कक्कड़, प्रशांत अग्रवाल, डॉ. एसके सिन्हा, ज्योति ताम्रकार, आशी कक्कड़, मीनूलाल सिन्हा, तोशी अग्रवाल के संरक्षक में स्वतंत्रता दिवस पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

### शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**बैकुंठपुर।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया डीईओ कार्यालय से डीईओ जितेन्द्र गुप्ता, जयनाथ बाजपेई, एमआईएस विनय मोहन भट्ट, एपीओ बृजराज गिरी ने चयनित शिक्षकों को आमंत्रित कर सम्मानित किया और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसमें कार्यालय के अन्य सभी अधिकारी व स्टाफ उपस्थित रहे। सम्मानित किए जाने वाले शिक्षकों में बृजराज गिरी, वीरेन्द्र जायसवाल, मो. नय्यर अंसारी, जितेन्द्र साहू, राजू मंडल, सुशील शुक्ला, सुदीप चौबे, शशिभूषण पाण्डेय, राबर्ट जानसन तिग्गा, हरवंश साहू, पूनम पाण्डेय, पूनम शर्मा, विनय तिवारी, कमल डडसेना, पंकज बाजपेई, महेश शिवहरे, सुशील जायसवाल, संध्या मिश्रा, धर्मेन्द्र सिंह, राजेश पाण्डेय, किशोर ओझा, संतोष मिश्रा सम्मिलित रहे।

### एकेडेमिक हाइट्स में मना स्वतंत्रता दिवस





**मनेन्द्रगढ़।** एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के अतिथि डॉ. एसके सिन्हा, मीनू लाल, संजीव ताम्रकार, ज्योति ताम्रकार, आशीष कक्कड़, आशी कक्कड़, प्रशांत अग्रवाल एवं तोषी अग्रवाल का भव्य स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। परेड के बालकों की टुकड़ी के कप्तान मास्टर अक्षय जैन एवं बालिकाओं की टुकड़ी की कप्तान कुमारी दृष्टि जैन ने सलामी दी। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा ध्वजरोहण किया गया एवं सभी उपस्थित लोगों ने राष्टगान गाकर राष्ट ध्वज तिरंगे को सलामी दी। समारोह की अगली कड़ी में कक्षा बारहवीं की छात्रा अगरिमा सिंघल, कक्षा दसवीं की छात्रा रिती दुबे, कक्षा आठवीं की छात्रा तनवी सिंह एवं तेजस कश्यप, कक्षा सातवीं की छात्रा गुरनूर कौर जब्बल, हुमेरा बानो, कुणाल सिंह के द्वारा अपने भाषण के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### जिपं में अध्यक्ष मोहित ने किया ध्वजारोहण



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कोरिया में ध्वजारोहण पर्व उल्लासपूर्वक मनाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित सभापति, सदस्य और समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष श्री पैकरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन अमर बलिदानियों की याद दिलाता है, जिन्होंने आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि इस राष्टीय पर्व पर हमें उनके त्याग और संघर्ष से प्रेरणा लेकर राष्ट निर्माण में योगदान देना चाहिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प है। उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने भी सभी को बधाई दीं। इस अवसर पर सभापति श्रीमती स्नेहलता सिंह, सदस्य राजेश कुमार साहू, श्रीमती संगीता सोनवानी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती शिवकली सोनपाकर, उप संचालक पंचायत श्रीमती ऋतु साहू, लेखाधिकारी रमाकांत राय सहित जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## केवी चिरमिरी में धूमधाम से मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम और गरिमामय माहौल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। प्राचार्य पॉल उदय अरोग ने भारतीय अस्मिता एवं देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्टीय ध्वज को फहराकर तथा वीर शहीदों को नमन और श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राष्ट्रगान की गूंज से पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। प्राचार्य श्री पॉल उदय अरोग ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को सदैव याद रखना चाहिए। इतने वर्षों बाद मिली आजादी हमारे लिए एक अमूल्य धरोहर है, जिसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। आशावादी सोच अपनाकर और सकारात्मक कार्य करते हुए ही हम देश के



जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। कर्तव्यों का पालन करते हुए ही हम राष्ट को विकासशील से विकसित बनाने में योगदान दे पाएंगे। उन्होंने छात्रों से अनुशासन, ईमानदारी और परिश्रम को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। सीसीए प्रभारी डॉ. विनीता पांडेय ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस हमें केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि जिम्मेदारियों का भी बोध कराता है। बच्चों को ईमानदारी, अनुशासन और मेहनत को जीवन में अपनाकर विद्यालय, परिवार और समाज का नाम रोशन करना चाहिए यही सच्ची देशभक्ति है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति की भावना और भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में निशांत कुमार सिंह, श्रीमती आशा, बी.नागवंशी समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मंच संचालन डॉ. विनीता पांडेय और रश्मि शिखा द्वारा किया गया।

## प्रेस भवन प्रेमाबाग में ध्वजारोहण समारोह

**बैकुंठपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित प्रेमाबाग प्रेस भवन परिसर में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बैकुंठपुर की प्रमुख बीके रेखा बहन ने राष्टीय ध्वज फहराया। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। अपने संबोधन में रेखा बहन ने कहा कि तिरंगा हमारे राष्टीय गौरव, एकता और अखंडता का प्रतीक है। हमें राष्ट के प्रति अपने कर्तव्यों के साथ समाज में शांति, भाईचारा और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान का उद्देश्य आध्यात्मिक ज्ञान और सकारात्मक



सोच के माध्यम से समाज का नैतिक उत्थान करना है। समारोह में उपस्थित पत्रकारों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों और स्थानीय निवासियों ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह ने कहा कि तिरंगे का सम्मान और राष्टीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना हम सबका कर्तव्य है। वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कश्यप ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह आयोजन केवल राष्टीय पर्व की गरिमा को बढ़ाने वाला नहीं, बल्कि समाज में एकता, देशभक्ति और आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व को भी उजागर करने वाला रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण विभूति तिवारी, अनूप बड़ेरिया, योगेश चंद्रा, राजेश राज गुप्ता, अजय ठाकुर, जूही खातून सहित शहर के अनेक नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

16 Aug- JASH TO BILASPUR Bhoomi pg-2_Layout 1 8/16/2025 8:05 PM Page 1



SWARNIMA ERA
2, 3 & 4 BHK INDEPENDENT BUNGALOWS
BILASPUR (C.G.)

# YOUR STYLISH 2, 3 & 4 BHK BUNGALOWS COMES WITH MORE THAN JUST KEYS

## BOOK & SAVE

**Exclusive Gift** on Every Booking + **1 Lakh** Cash* Discount

VISIT & WIN — **Guaranteed Rewards** for Every Guest




Actual photograph


Actual photograph

Customised Homes & Plots Available in Bilaspur

*T&C Apply

Book your private walkthrough today.

CALL: 97557 93333 | 97552 93333

SITE ADDRESS: Swarnima Era, Beside Geetanjali City Phase 2, Bahtarai Road, Bilaspur(C.G.)

Rera no. PCGRERA250221001201
www.rera.cgstate.gov.in

Shrine+91 98337 11720

## खबर संक्षेप

### अनुपस्थित रहने पर हटाई गई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

लखनपुर। आंगनबाड़ी केंद्र का सही तरीके से संचालन नहीं करने और आए दिन आम्बा केंद्र बंद रहने को लेकर कड़ी कार्रवाई की गई है। जिपं सदस्य की शिकायत के बाद अनुपस्थित रहने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि जिपं सदस्य और सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती राधा रवि 12 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे आंगनबाड़ी केंद्र झुलुरपारा के निरीक्षण अपर पहुंची थी लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुषमा सोनवानी अनुपस्थित थी। 13 अगस्त को पुनः 10 बजे तक आंगनबाड़ी केंद्र बंद था। ऐसे में आम्बा कार्यकर्ता सुषमा सोनवानी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। इसके साथ ही इस मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिपं सदस्य की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सुषमा सोनवानी को निलंबित कर दिया है इसके साथ ही उनके स्थान पर झुलुरपारा आंगनबाड़ी केंद्र का प्रभार भदवाही केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमित रीता सिंह को दिया गया है।

### लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थी व स्टाफ ने निकाली तिरंगा यात्रा

रामानुजगंज। शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर भारत माता चौक तक निकाली गई। भारत माता की प्रतिमा के समक्ष धूप- अगरबत्ती से पूजा-अर्चना कर मातृभूमि को नमन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रोज़ लिली बड़ा, जनभागीदारी प्रबंध समिति के अध्यक्ष विकास गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि डॉ. राकेश गुप्ता, अभाविप महाविद्यालय अध्यक्ष परमानंद, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रमेश कुमार खैरवार सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति गीतों और नारों से नगर का वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र प्रेम और एकता का संदेश देना रहा।

### मवेशी चराते समय बेहोश हुए ग्रामीण की मौत

अम्बिकापुर। लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम ऊंचडीह निवासी कार्तिक राम नागेश आ. स्व. ठाकुर नागेश (48 वर्ष) 12 अगस्त की सुबह 9 बजे खेत के समीप मवेशी चराने गया था। इसी दौरान अचानक चक्कर आने से मौके पर ही बेहोश हो गया। ग्रामीण को अचेत देख मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना परिजन को दी। परिजन उसे घर लेकर आए। होश आने पर ग्रामीण ने बताया कि बैठा तभी चक्कर आने से बेहोश गया। परिजन ग्रामीण को शहर के निजी अस्पताल लेकर आ रहे थे तभी फिर ग्रामीण बेहोश हो गया। परिजन ग्रामीण को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### विद्यार्थियों को मोजा, बेल्ट और टाई का किया गया वितरण

हरदीबाजार। शासकीय प्राथमिक शाला शांतिनगर बोईदा में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष दुर्गेश मरावी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। साथ ही पालक-शिक्षक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने की रूपरेखा तैयार किया गया। मध्यान भोजन,नाश्ता, शाला संचालन, बच्चों की पढ़ाई का स्तर,न्यूनतम अधिगम अन्य कई विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक उपरांत उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को मोजा, टाई और बेल्ट वितरण किया गया। टाई, मोजा, बेल्ट पाकर बच्चे काफी उत्साहित हुए और एकरूपता की भावना जागृत हुआ। उपस्थित सदस्यों एवं प्रधान पाठक द्वारा बच्चों को नियमित स्कूल आने, घरों में गृह कार्य पूर्ण करने, अच्छे पढ़ लिखकर अच्छे नागरिक बनने हेतु प्रोत्साहित किया गया। तुलाराम सिदार,रामकृष्ण पटेल, रघुवीर कंवर, नीर सिंह पटेल, प्रधान पाठक मनोज चौबे, शिक्षक संतोष यादव आदि उपस्थित रहे।

### पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को कराना होगा वार्षिक सत्यापन

कोरबा। शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशरी सत्यापन एप के माध्यम से किया जाएगा, इस हेतु नगर निगम के समस्त वार्डों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने इस हेतु आदेश जारी कर वार्डवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। शासन के सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशरी सत्यापन एप से शत प्रतिशत किया जाना है। साथ ही आधार सत्यापन हेतु हितग्राहियों से आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ मोबाईल नम्बर भी लिया जायेगा, इस हेतु नगर निगम के समस्त वार्डो में विशेष अभियान चलाया जाएगा तथा इस हेतु गठित दल हितग्राहियों के घर पहुंचकर उक्त सत्यापन का कार्य संपादित कराएगा।

पुलिस ने शातिर आरोपी को किया गिरफ्तार

# साप्ताहिक बाजार में युवक पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

**खास बात**
- युवक की हालत गंभीर

साप्ताहिक बाजार में मामूली विवाद के दौरान मटन दुकान संचालक पर पेट्रोल डालकर जिन्दा जलाने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ा गया आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ, चोरी, लूट, मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित 10 मामले दर्ज है। पुलिस कई प्रकरणों में आरोपी की लम्बे समय से तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी को अंबिकापुर से घेराबंदी कर पकड़ा है।

बरियों चौकी पुलिस के अनुसार राजपुर वार्ड क्रमांक 6 कोरवा कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय अंकित बुन्देलखंडी आ. राजकरन बुन्देलखंडी 7 अगस्त को साप्ताहिक बाजार बरियों में अपने जीजा बलराम कटारे के साथ गया हुआ था। इस दौरान बरियों निवासी विकास दास उनके दुकान में आया और महंगा मटन बेचने के नाम पर विवाद करने लगा और गाली गलौज व धमकी देकर विकास वापस लौट गया। शाम 5.30 बजे विकास दास फिर से वापस लौटा और अपने शर्ट के नीचे छिपाकर रखे पेट्रोल के बोतल को निकालकर बलराम कटारे पर डाल दिया और फिर लाइटर जालकर आग लगा दिया। पेट्रोल डालकर आग लगाने से बलराम जलने लगा और चीखने चिलाने लगा। इस दौरान अंकित बुन्देलखंडी ने बीच बचाव का प्रयास किया तो वह भी झुलस गया। स्थानीय लोगों की मदद से आग को बुझाया गया इस दौरान आरोपी भाग निकला। आगजनी में बुरी तरह से हुए बलराम कटारे को मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। य

वक ने 8 अगस्त को मामले की शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 109, 118 (1), 296, 351(2), 326 के तहत अपराध दर्ज किया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### अंबिकापुर से पकड़ा गया आदतन बदमाश

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी, एसडीओपी कुसमी इम्मानुएल लकडा के नेतृत्व में मामले की जांच की गई। इस दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी बरियों बांसपारा निवासी 24 वर्षीय विकास दास आ. धनुकधारी आदतन बदमाश है। आरोपी के ऊपर पूर्व में लूट, चोरी, मारपीट, अवैध नशीली दवाओं एक व्यापार, आर्म्स एक्ट के मामले विचाराधीन है। आरोपी की तलाश सरगुजा में मणिपुर, गांधीनगर और बलरामपुर जिले में शंकरगढ़ पुलिस कर रही थी। आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहा था। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर अंबिकापुर से आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बाइक, पेट्रोल रखने वाली प्लास्टिक की बोतल, लाइटर बरामद किया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक विजय गुप्ता, प्रदीप यादव, बृजभान पैकरा, आरक्षक जगनाथ केराम, सुबोध पैकरा, सुरेन्द्र रवि, राममुरत यादव, रंजित गुप्ता सक्रिय रहे।

### घर में घुसकर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर**। सीतापुर पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम करियाखार पेटला निवासी रमेश बड़ा ने अपने घर की छत पर 6 बोरी महुआ और 2 बोरी में यूरिया खाद रखा था। 11 अगस्त को ग्रामीण के घर में कोई नहीं था इसी दौरान आरोपी अमोश उर्फ झोला और दीपक गिरी ने घर में घुसकर महुआ और यूरिया की चोरी कर ली और बाइक से लेकर भाग रहे थे इस दौरान ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस द्वारा सीतापुर बंशीपुर दमगडा निवासी 20 वर्षीय अमोश उर्फ झोला आ. बिटन व 21 वर्षीय दीपक गिरी आ. भोजलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बाइक, 1 बोरी महुआ और बिक्री किए गये महुआ के 800 रुपए को बरामद किया है। पुलिस एन आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(3), 305(ए), 3(5) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर गौरव कुमार पाण्डेय, सउनि अरुण गुप्ता, आरक्षक देवनाथ भगत, राम प्रसाद लकड़ा शामिल रहे।

## सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ में युवाओं ने लिया हिस्सा



**अम्बिकापुर**। छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें रजत जयंती वर्ष के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरगुजा के तत्वावधान में गुरुवार को शहर में सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मल्टीपरपज स्कूल से जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। स्वतंत्रता दौड़ महामाया चौक, घड़ी चौक से होते हुए गांधी स्टेडियम में संपन्न हुई। बड़ी संख्या में शामिल स्कूली बच्चों और नागरिकों के उत्साहित भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ हमें देशभक्ति और एकता की भावना से जोड़ते हुए समाज में आपसी सहयोग और सद्भाव को मजबूत करती है। ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आयोजित यह कार्यक्रम हमें देशभक्ति और एकता के सूत्र में बांधता है। उन्होंने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का संदेश देते हुए नागरिकों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। आईजी दीपक कुमार झा ने कहा कि सर्वधर्म समभाव हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, जो विविधता में एकता की पहचान कराता है। सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ कोई प्रतियोगिता नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, भाईचारा और सामाजिक सद्भाव का संदेश देने वाला आयोजन है। स्वतंत्रता दौड़ में शामिल प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को जनप्रतिनिधियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, पार्षद आलोक दुबे, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के उप संचालक रामकुमार सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा सहित अन्य मौजूद थे।

## संगठन सृजन का उद्देश्य युवा ऊर्जा और तजुर्बे के तालमेल से राष्ट्र की सेवा : जरीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- संभाग के 6 जिलों के संगठन की हुई बैठक, एआईसीसी सचिव हुई शामिल

एआईसीसी की सचिव व छग प्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी सुश्री जरीता लैतफलांग ने संगठन सृजन अभियान के तहत गुरुवार को सरगुजा संभाग के 6 ज़िलों के संगठन की मैराथन बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में ली। कांग्रेस ने बेलगावी अधिवेशन में वर्ष 2025 में संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया था।

इस परिप्रेक्ष्य में पार्टी निरंतर प्रत्येक स्तर पर इस दिशा में चल रहे प्रयासों की समीक्षा कर रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ ने 31 जुलाई तक मंडलों और उनके कमेटियों के गठन का लक्ष्य रखा था जिसकी समीक्षा के लिए संभागीय बैठक हुई। इस दौरान सुश्री जरीता लैतफलांग ने कहा कि संगठन सृजन के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा ऊर्जा और तजुर्बे के आपसी तालमेल के माध्यम से राष्ट्र की सेवा है। मंडल, सेक्टर और बूथ कमेटी के गठन का आधार योग्यता होगी। ऐसी किसी कमेटी के गठन में पक्षपात पाये जाने पर उसे तत्काल भंग कर दिया जाएगा। समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने इस बात की प्रशंसा की कि सरगुजा संभाग में इन कमेटियों में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और महिलाओं को 70 प्रतिशत पद दिए गए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि सरगुजा संभाग और यहां के सम्मानित नागरिक सदैव से कांग्रेस पार्टी को अपना प्रतिनिधि चुनने में प्राथमिकता देते आये हैं। यह अब भी कायम है। निश्चित तौर पर विगत कार्यकाल में अच्छे कार्यों के बाद भी कुछ विशिष्ट वजहों से हमे हार का सामना करना पड़ा। हार के बावजूद भी हम नागरिकों के प्रति अपने दायित्व से पीछे नहीं हटे हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम कार्यकर्ताओं की ऐसी फौज कायम करने का अभियान है जिसके माध्यम से कांग्रेस भाजपा और चुनाव आयोग के गठबंधन से निपटने को तैयार है। सत्र के उद्घाटन भाषण में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि पूरे प्रदेश में सरगुजा एकमात्र ऐसा जिला है जिसने निर्धारित समय अवधि में मंडल अध्यक्ष और उनकी कमेटियों का गठन पार्टी के द्वारा निर्धारित मापदंडों पर किया गया है। उन्होंने यह आश्वस्त किया कि सरगुजा जिला समय सीमा में बूथ स्तर तक कमेटियों का गठन कर लेगी।



इस दौरान पूर्व विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, विनय भगत, विनय जायसवाल, यूडी मिंज, श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, सरगुजा जिले कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राकेश गुप्ता, आदिम जाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, श्रीमती भगवती राजवाड़े, केपी सिंहदेव, प्रदीप गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव सहित संभाग के 6 जिलों के 49 सांगठनिक ब्लॉक के प्रभारी और अध्यक्ष मौजूद थे।



## पण्डो जनजाति बाहुल्य रजनी ग्राम में रास्ता बनने से ग्रामीणों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

पण्डो जनजाति बाहुल्य ग्राम रजनी पहुंच मार्ग को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद अब सुलझने की दिशा में बढ़ रहा है। वह सड़क जिसे ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया था और जिस पर हाइड्रो पावर प्लांट ने अपने प्रोजेक्ट के लिए टरबाइन स्थापित कर दिया जिससे रास्ता बंद हो गया था। इसके बगल से मिट्टी मुरूम का वैकल्पिक मार्ग बनाया गया था जो बरसात में बदहाल हो गई थी। बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ा मुरूम और पथरीले हिस्से ग्रामीणों के लिए खतरा बन गए थे जिससे आवागमन ठप हो गया था।

जनपद सदस्य प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह ने पंडो जनजाति की आवाज प्रशासन और कंपनी तक पहुंचाई। जिसके बाद हाइड्रो पावर प्लांट प्रबंधन ने पहल करते हुए मिट्टी-मुरूम डालकर सड़क मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। सड़क पर गड्ढों को भरने और समतलीकरण के लिए जेसीबी और डंपर लगातार काम में लगे हुए हैं। जिसका निरीक्षण बीते बुधवार को जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू व पूर्व जनपद सदस्य अभय प्रताप सिंह पहुंचे थे। ग्राम वासियों का कहना है कि यह मार्ग रजनी के लगभग 120 पण्डो परिवारों के लिए जीवन रेखा है, लेकिन वर्षों से इसकी उपेक्षा हो रही थी। बारिश में यह मार्ग दलदल और पत्थरों से भर जाता था, जिससे बच्चों की पढ़ाई, बीमारों का इलाज और जरूरी सामान की आपूर्ति में भारी दिक्कत होती थी। ग्रामीण देव साय पण्डो ने उम्मीद जताई है कि फिलहाल के लिए यह पहल ठीक है। लेकिन स्थाई समाधान पक्की सड़क है। जिससे बरसों से चली आ रही परेशानियों से मुक्ति मिलेगी और रजनी मार्ग फिर से सुगम यातायात के लिए तैयार हो जाएगा।

### पक्की सड़क ही समाधान

रजनी के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी सड़क समस्या पर पूर्व जनपद सदस्य अभय प्रताप सिंह ने स्पष्ट कहा कि ग्रामीणों के लिए पक्की सड़क का निर्माण ही स्थायी समाधान है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है। वर्तमान में आवागमन हेतु किए जा रहे वैकल्पिक इंतजाम का स्वागत करते हुए कहा कि जब तक पक्की सड़क नहीं बन जाती, संघर्ष जारी रहेगा। ग्रामीण भी इस मुद्दे पर एकजुट होकर अंतिम समाधान की मांग कर रहे हैं।

### नेताओं ने दिलाया भरोसा

जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह और मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि भाजपा सरकार किसानों और पण्डो परिवार के साथ खड़ी है। बीते दिनों मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने रेस्ट हाउस में वन विभाग, जल संसाधन विभाग व हाइड्रो पावर प्लांट के अधिकारियों की बैठक ली थी। बैठक में ग्रामीणों के समक्ष फसल क्षति का समुचित मुआवजा और रजनी के ग्रामीणों के आवागमन हेतु तत्काल समाधान के निर्देश दिए गए।

## कटघोरा शहर लीथियम खदान से अप्रभावित, लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा व पोड़ी ब्लॉक के मध्य इलाके में लिथियम खनिज का भंडार मिला है। इसके खनन का अनुबंध मैकी साउथ नामक कम्पनी से हुआ है। कटघोरा लिथियम एंड री ब्लॉक के कुल रकबा 256.12 हेक्टेयर क्षेत्र पर कंपोजिट लायसेंस के लिए राज्य शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत कंपोजिट लायसेंस का को-ऑर्डिनेट्स दर्शित मानचित्र जारी हुआ है जिसके अनुसार कटघोरा शहर का इलाका लिथियम खदान से प्रभावित होता नजर नहीं आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि इसके पहले शुरुआती दौर में जब यह बात सामने आई थी कि एक खनिज सर्वेक्षण के दौरान कटघोरा ब्लॉक के ग्राम महेशपुर इलाके में लिथियम खनिज के भंडार का पता चला है तब यह खबर फैली थी कि ग्राम महेशपुर, नवागांव, झाबुकला, रामपुर आदि इलाके इस खदान क्षेत्र में पूरी तरह से समाहित हो जाएंगे। इन सारे गांव के साथ-साथ कटघोरा शहर का इलाका भी खदान के दायरे में आने से आने वाले समय में विस्थापन की समस्या उत्पन्न होगी। साथ ही खदान क्षेत्र होने के कारण तथा भविष्य में भूमि अधिग्रहण होने के मद्देनजर उक्त एरिया के आसपास की जमीनों की खरीदी-बिक्री रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई। हालांकि इस बीच कुछ चालाक लोगों ने टुकड़ों में जमीनों की रजिस्ट्री, बटांकन भी इसलिए



कराना शुरू कर दिया ताकि उन्हें मुआवजा ज्यादा मिले। ज्यादा मुआवजा पाने की मंशा के साथ-साथ उजड़ने का भय भी लोगों के बीच कायम रहा है। इस बीच यह जानकारी सामने आई है जिसमें सूचना का अधिकार के तहत मांगे जाने पर प्रभावित क्षेत्र का नक्शा प्रदान किया गया है और इस नक्शे के आधार पर इतना तो स्पष्ट हो चुका है कि लिथियम खदान में शहर क्षेत्र का कोई भी इलाका प्रभावित नहीं हो रहा है। साफ तौर पर देखा जा सकता है कि बनाए गए ब्लॉक के भीतर पूरा जंगल क्षेत्र है और मेन पावर लाइन यहां से गुजरी है।

पिछले दिनों 25 फीट का दीवार फांद कर हुए थे फरार, अब तक एक का नहीं मिला सुराग

# जिला जेल की क्षमता 230, सुरक्षा व्यवस्था 16 जेल प्रहरियों के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक नगरी होने की वजह से कोरबा जिला जेल की क्षमता 230 है। अक्सर यह देखने को मिलता है कि 230 की क्षमता के बदले कैदियों की संख्या अनुमान से ज्यादा ही रहती है लेकिन जेल के चार दिवारी के अंदर और बाहर सुरक्षा के लिए जेल प्रबंधन के पास पर्याप्त बल नहीं है। जिसके चलते लगातार जेल की सुरक्षा में सेंध लग रहा है। पिछले दिनों जेल की सुरक्षा में सेंध लगाकर चार विचाराधीन कैदी भागने में सफल हो गए थे। हालांकि पुलिस ने तीन बंदियों को पकड़ लिया है।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक नगरी होने की वजह से जिले में विभिन्न प्रांत के लोग आना-जाना करते हैं और यहां




जिला जेल में कैदियों की संख्या हमेशा लगभग 200 से ऊपर ही रहती है। जिला जेल की क्षमता 230 है। जहां जेल में बंद कैदियों की सुरक्षा के लिए जेल प्रबंधन के पास मौजूदा स्थिति में 16 जेल प्रहरी की तैनाती है जबकि तीन प्रहरी निलंबित है और एक प्रहरी की परेड में ड्यूटी लगी है। जेल में जिस हिसाब से कैदियों की संख्या रहती है उस हिसाब से पर्याप्त मात्रा में जेल प्रबंधन के पास जेल प्रहरियों की नियुक्ति नहीं है। जिसके चलते जेल की सुरक्षा में हमेशा सेंध लगता रहता है। पिछले दिनों जेल में तैनात विचाराधीन बंदियों ने जेल की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए लगभग 25 फीट ऊंची दीवार को लांघ कर भाग निकले थे। इसके बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया था।

कई दिनों मशक्कत के बाद किसी तरह तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है लेकिन अब तक एक आरोपी फरार है। हालांकि जेल प्रशासन को जेल की सुरक्षा के लिए और तगड़ा इंतजाम करना होगा और जेल प्रहरियों की नियुक्ति भी करनी होगी तब जाकर जेल की सुरक्षा पुख्ता हो पाएगी।

### कटघोरा व कोरबा, दोनों जेल हो चुका है ब्रेक

जेल में बंद कैदियों की सुरक्षा के लिए जेल प्रबंधन द्वारा कई तरह के उपकरण जेल प्रबंधन में लगाए गए हैं। जैसे जेल की चार दिवारी के भीतर ऊपर करंट दौड़ता है तो वहीं दूसरी ओर जिला जेल में 80 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं लेकिन इसके बाद भी जेल में बंद विचाराधीन बंदी इतने शातिर होते हैं कि सारी सुरक्षाओं को धात दिखाते हुए जेल ब्रेक करने में कामयाब हो जाते हैं। जिले के कोरबा और कटघोरा दोनों जेल में पूर्व में जेल ब्रेक की घटना सामने आ चुकी है। जिसमें ज्यादातर देखने को मिलता है कि में प्रहरियों की कमी के चलते ही ऐसी घटनाएं सामने आती है। जेल प्रबंधन को जेल की सुरक्षा के लिए उपकरणों के साथ-साथ जेल प्रशासन में जेल प्रहरियों की संख्या में भी इजाफा करना चाहिए तब जाकर जेल ब्रेक जैसी घटनाओं में कमी आ सकेगी।

आम सूचना
समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय बैकुंठपुर कोरिया छ.ग.
वास्ते पेश-श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय बैकुंठपुर के समक्ष
शपथपत्र
मैं गणेश मोदी आ. कांशी मोदी जाति मोदी आयु 45 वर्ष निवास वार्ड नं.-7 शिवपुर चरचा तहसील बैकुंठपुर जिला कोरिया छ.ग. का निवासी हूँ जो निम्नांकित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:-
1- यह कि मेरा पुत्र सचिन मोदी है जिसका आधार कार्ड बना है, आधार नं.-534238315446 है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम रोशन कुमार मोदी दर्ज है।
2- यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम सचिन मोदी दर्ज है।
3- यह कि मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड में दर्ज घरेलू नाम रोशन कुमार मोदी को सुधार कराकर वास्तविक नाम सचिन मोदी दर्ज कराना चाहता हूँ, सही नाम मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेज व जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज हैं। जिस हेतु समस्त शर्तो का पालन करने को तत्पर हूँ।
हस्ता.शपथकर्ता
सत्यापन
मैं गणेश मोदी सत्यापन करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका क्र.1 से लगायत 3 तक के कथन सत्य व सही हैं। आज दिनांक 11/08/25 को बैकुंठपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
हस्ता.शपथकर्ता

न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया, छ.ग.
//ज्ञापन//
प्रोसेस क्रमांक- 149/2025
आदेश दिनांक - 22.07.2025
पेशी दिनांक - 02.09.2025
उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक / रजिस्ट्रेशन क्रमांक 03/2025
सुशान्त कुमार डे, आ. स्व. सुधीर कुमार डे, आयु 70 वर्ष, निवासी मकान नंबर ए-103, शीला पार्क, राजकिशोर नगर
लिंगियाडीह बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग. ....आवेदक
प्रति, 1. सुब्रत कुमार डे आ. स्व. सुधीर कुमार डे, आयु 77 वर्ष, 2. सुनीत कुमार डे आ. स्व. सुधीर कुमार डे, आयु 68 वर्ष 3. सुनन्दा डे आ. स्व. सुधीर कुमार डे, आयु 60 वर्ष क्रमांक 1 से 03 निवासी सरकारी दफाई कच्छी स्कूल के सामने चिरमिरी जिला-एम.सी.बी. छ.ग. 4. शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा बैकुन्ठपुर 5. सर्वसाधारण.....अनावेदकगण
बनाम :-
आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते मृतक सुजीत कुमार डे आ. स्व. सुधीर कुमार डे के नाम पर अनावेदक क्रमांक 04 की शाखा में जमा राशि को मय ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 02.09.2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे होगी।
अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते हैं कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी।
आज दिनांक 13.08.2025 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।
(साक्षी दीक्षित)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

## राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रगान की गूंज ने जिले को देशभक्ति के रंग में रंगा

# जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**खबर संक्षेप**

### चौकीदार ने किया ध्वजारोहण



79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग कोरिया द्वारा एक सराहनीय कदम उठाते हुए अपने कार्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर को खास बनाते हुए सेवानिवृत्ति से मात्र चार माह पूर्व विभाग के चौकीदार दयाराम पनिका से ध्वजारोहण कराया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थितजन ने इस पहल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह पहल कर्मचारी सम्मान और टीम भावना को सशक्त बनाता है। दयाराम पनिका ने भावुक होते हुए कहा कि मेरे विभाग ने जो मुझे कार्यालय में ध्वजारोहण करने का अवसर दिया है, इस लंबी नौकरी के कार्यकाल में सबसे बड़ा सम्मान मिला है। विभाग के सभी वरिष्ठों का दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक सम्मानित



**चरचा कॉलरी।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस कड़ी में चरचा कॉलरी वार्ड क्रमांक 13 स्थित पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक राजेन्द्र मंडल को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। जिला कार्यालय कोरिया में आयोजित समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने राजेन्द्र मंडल को प्रशस्ति पत्र व शाल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और समर्पण से ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता है और छात्रों का भविष्य उज्ज्वल बनता है। इस सम्मान का उद्देश्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करना है। सम्मान समारोह ने न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि समाज में शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया। शिक्षक राजेन्द्र मंडल के इस सम्मान से विद्यालय परिवार और स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है।

## विवेकानंद महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय पर्व



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में 79 वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन गरिमामय और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. श्राबनी चक्रवर्ती द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। राष्टध्वज को सलामी देते हुए राष्टगान की गूंज ने संपूर्ण परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। ध्वजारोहण के उपरांत प्राचार्य प्रो. चक्रवर्ती ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में महाविद्यालय परिवार एवं उपस्थित विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संघर्षों और बलिदानों को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि देश को स्वतंत्र कराने के लिए अनेक वीरों ने अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया और उन्हीं के बलिदान का परिणाम है कि हम आज स्वतंत्र भारत में स्वाभिमान के साथ सांस ले रहे हैं। प्राचार्य ने इस अवसर पर देशभक्ति साहित्य की भूमिका को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से परिपूर्ण गीत, कविताएं, भाषण एवं रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। इन प्रस्तुतियों ने न केवल देशप्रेम को जागृत किया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. रश्मि तिवारी, डॉ. सुशील कुमार तिवारी, डॉ. अरूणिमा दत्ता, स्मृति अग्रवाल, कमलेश पटेल एवं सुनील गुप्ता साथ ही अतिथि व्याख्याता रामनिवास गुप्ता ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व और वर्तमान युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यालयीन स्टाफ में मनीष श्रीवास्तव एवं प्रेमलाल पटेल ने अपने उद्बोधन से देशप्रेम की भावना को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन विगत दिनों महाविद्यालय में आयोजित घर-घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आयोजित रंगोली, क्विज एवं बोर्ड सज्जा के विजेता छात्र-छात्राओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापकगण भीमसेन भगत, सुशील कुमार छात्रे अतिथि व्याख्यातागण डॉ. रामजी गर्ग, शुभम गोयल, पुष्पराज सिंह, डॉ. रिंकी तिवारी, अल्पना खलखो, सुमित तिवारी कार्यालयीन स्टाफ सुनित जानसन बड़ा, बीएल शुक्ला, मीना त्रिपाठी, भोले प्रसाद, हेमंत सिंह, कमलू सिंह मार्को, साधना बुनकर, लड्डू गोपाल, प्रदीप मलिक, सतीश सोनी, पारस तिग्गा एवं ममता का सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान पूरे महाविद्यालय परिसर में देशभक्ति, उत्साह और गौरव का वातावरण व्याप्त रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशील कुमार तिवारी ने किया।

## नर्सिंग कॉलेज में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम




न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती, भारत माता एवं राष्टपिता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। ध्वजारोहण अतिथि डॉ. प्रिंस जायसवाल एवं श्रीमती वंदना जायसवाल के द्वारा किया गया। अतिथियों, संस्था के स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा राष्टगान एवं झंडा गीत गाया गया। ध्वजारोहण उपरांत संस्था के नवीन भवन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, संस्था के अध्यक्ष संत कुमार जायसवाल एवं अन्य सम्मानीय अतिथियों की उपस्थिति में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, भाषण, सामूहिक नृत्य एवं नाट्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। अतिथि डॉ. जायसवाल ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्व एवं देश के प्रति भारतीय नागरिक के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला साथ ही स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। संस्था के प्रबंधन के द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी शैक्षणिक सत्र से संस्था में पोस्ट ग्रेजुएट नर्सिंग अंतर्गत विभिन्न विषयों में एमएससी नर्सिंग एवं पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा, जिसका लाभ छग राज्य के साथ अन्य राज्यों के नर्सिंग के क्षेत्र में प्रशिक्षण लेने वाले अभ्यर्थियों को मिलेगा। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ. अंजना सैम्यूल नर्सिंग संस्थान के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रामानुज महाविद्यालय में गरिमामय ढंग से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ गरिमामय ढंग से मनाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात सामूहिक रूप से राष्टगान गाया गया और देशभक्ति के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में गीत, कविता, भाषण और विचार अभिव्यक्ति प्रस्तुत किए गए। इनमें डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. जीके मिश्र, डॉ. आशुतोष देउस्कर, डॉ. विनय शुक्ला, डॉ. बृजेश पाण्डेय, श्रीमती जयश्री प्रजापति, डॉ. राम यश पाल, डॉ. अर्चना पाण्डेय, कु. आंशी पाटले, उत्तमदास महंत, डॉ. संदीप सिंह एवं विद्यार्थियों में कृष्णा राजवाड़े, तौफिक खान, कु. डोलिमा और सुप्रिया शामिल रहे। इस अवसर पर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर उन्हें नमन किया गया तथा देश की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुलदीप ओझा ने किया। कार्यक्रम के दौरान हर वर्ष की तरह महाविद्यालय के दो पूर्व छात्र शहीद हसनैन अंसारी और शहीद बृजभूषण लाल श्रीवास्तव की वीरता को भी स्मरण किया गया। नक्सलवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए इन वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया।

## आईसेक्ट कॉलेज तलवापारा में ध्वजारोहण



**बैकुण्ठपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आईसेक्ट कॉलेज तलवापारा में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख नरेश सोनी ने ध्वज फहराया। कार्यक्रम में श्री सोनी ने सभी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 1947 जिस दिन से देश आजाद हुआ है ,उस दिन से लेकर आज तक 15 अगस्त का दिन जोश और उत्साह के साथ पूरे भारत में मनाया जाता है। देश को आजाद हुए आज 79 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इन 79 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में विकास किया है। भारत ने शिक्षा, डिजीटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, अर्थव्यवस्था, प्रोद्योगिकी और अंतरिक्ष के क्षेत्र में तरक्की की है। साथ ही गांवों से लेकर शहर तक विकसित हुआ है। इस अवसर पर श्रीमती वसुधा सोनी, कमल द्विवेदी, आशीष नामदेव, प्रवीण तिवारी, प्रदीप साहू, हरिओम साहू, सावित्री, पप्पू सहित कॉलेज परिवार के सदस्य एवं स्थानीयजन काफी संख्या में मौजूद रहे।

## हिन्द विद्यालय में मना स्वतंत्रता दिवस

**चरचा कॉलरी।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, चरचा में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका



उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, पार्षद रामकली पाल और पत्रकार अंकित अग्रवाल शामिल रहे। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के डायरेक्टर निसार खान ने की। वहीं संस्था अध्यक्ष आयशा आफरीन, उपाध्यक्ष अमरजीत, सचिव जोहा अली, कोषाध्यक्ष समीर राजवाड़े सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। ध्वजारोहण के दौरान स्काउट-गाइड टीमों ने अनुशासित सलामी दी। बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने वातावरण को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य शशिभूषण राय ने किया। अपने उद्बोधन में नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाने के साथ यह भी सिखाता है कि आजादी के साथ जिम्मेदारियां भी जुड़ी होती हैं।

## स्कूली बच्चों की देशभक्ति प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**नागपुर।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल नागपुर प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में देशभक्ति का जोश चरम पर नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमसीबी



जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू शामिल हुए। स्कूली छात्र-छात्राओं ने आकर्षक परिधानों में देशभक्ति गीत एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं ग्रामीण प्रस्तुतियों को देखकर मंत्रमुग्ध हो उठे। मुख्य अतिथि राजेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे भारत की अक्षुण्ण मर्यादा और शान यह तिरंगा है। हमें विश्व बंधुत्व और शांति के मार्ग पर अग्रसर होकर साथ चलना होगा। पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपा देवी पावले ने बच्चों को संबोधित करते हुए देश के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं जनपद सदस्य शाहनवाज हुसैन ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना ही स्वतंत्रता की वास्तविक सार्थकता है।



## स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**बैकुण्ठपुर।** जन शिक्षण संस्थान कोरिया के मुख्य कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्रों पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व संस्थान के चेयरमैन राजेश पाठक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर राजेश पाठक ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री राजीव ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन हम अपने राष्ट गौरव तिरंगे को सम्मान तो देते ही है, साथ ही उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद करते हैं, जिनकी वजह से भारत को आजादी मिली थी। 15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को अपने भाषण ट्रिस्ट वीद डेस्टिनी के साथ पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भारत की आजादी की घोषणा की। संस्थान के निदेशक विजय उपाध्याय ने कहा कि 15 अगस्त भारत देश के गर्व और सौभाग्य का दिवस है।उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारे हृदय में नवीन स्फूर्ति, नवीन आशा, उत्साह तथा देश-भक्ति का संचार है। स्वतंत्रता दिवस हमें इस बात की याद दिलाता है कि हमने कितनी कुर्बानियां देकर यह आजादी प्राप्त की है, जिसकी रक्षा हमें हर कीमत पर करनी है। इस अवसर पर संस्था के अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षक एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**बैकुण्ठपुर।** शनिवार को जिलेभर में उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। शाम ढलने के बाद मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु जुटते रहे। जहां मध्य रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की बेला होते ही श्रद्धालुओं का उत्साह भर गया और भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं इस दिन विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं के द्वारा भजन-कीर्तन होती रही, इसके अलावा इस दिन कई श्रद्धालुओं के द्वारा उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान के साथ अपने घर में ही पूजा अर्चना की गई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर शहरों के मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई थी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्रद्धालुओं द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दिन पूजा-अर्चना करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इसी मान्यता को लेकर घर-घर श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की जाती है। पर्व को देखते हुए फलाहारी की मांग बढ़ गई, सुबह के समय फलों के दुकानों में लोगों की भीड़ खरीदी के लिए जुटी रही।



### कान्हा के कपड़े बिकने आए बाजार में

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए शहर के बाजार में कान्हा के कपड़े जमकर बिके। विभिन्न समितियों एव स्कूलों में इस अवसर पर जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। इसके लिए बाजार में कान्हा के कपड़ों की खरीदी की गई।

***बच्चों ने मनाया जन्माष्टमी***- जिले के कटगोड़ी स्थित सांई बाबा एकेडमी के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण राधा की वेशभुषा के साथ श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन किया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने मिलकर कार्यक्रम का आनंद उठाते हुए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया।

## पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति 2 घंटे में गिरफ्तार



**बैकुण्ठपुर।** जिले के थाना बैकुंठपुर अंतर्गत चौकी पोड़ी बचरा क्षेत्र में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने महज 2 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। मामला ग्राम गोविन्दपुर निवासी सहेलाल तिग्गा उम्र 62 वर्ष का है, जिसने शराब के नशे में विवाद होने पर अपनी पत्नी सूरजमनी की बांस के डंडे से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 14 अगस्त की शाम दंपत्ति सुअर बेचने के बाद ग्रामवासी धर्मजीत सिंह के घर गए थे। रात को वे घर नहीं लौटे। अगले दिन सुबह सूरजमनी का शव विजय सिंह के घर के सामने रक्तरंजित अवस्था में मिला, जबकि आरोपी सहेलाल हाथ में बांस का डंडा लिए घटनास्थल पर मौजूद था। प्रार्थी प्रदीप तिग्गा की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग एवं अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल से रक्तरंजित मिट्टी, साधारण मिट्टी, बांस का डंडा तथा आरोपी के खून से सने कपड़े जब्त किए गए। पूछताछ में सहेलाल ने अपराध कबूल कर लिया।

## 48 घंटे में चोरी का पदार्फाश, आरोपी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** जिले के थाना चरचा पुलिस ने चोरी की एक बड़ी वारदात का महज 48 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक, गैस सिलेंडर तथा नगदी रकम बरामद की गई है। जानकारी के मुताबिक 14 अगस्त को चरचा व्हीटीसी कॉलोनी निवासी माया सिंह उम्र 55 वर्ष ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ड्यूटी से लौटने पर उन्होंने घर का ताला टूटा पाया। घर से बाइक एचएफ डीलक्स एमपी 65 एमए 8909, एचपी गैस सिलेंडर तथा बिस्तर के नीचे रखा 4 हजार रूपए नकद चोरी हो गए थे। चोरी गई संपत्ति की कीमत लगभग 39 हजार रूपए ऑकी गई। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 159/2025 दर्ज कर विवेचना शुरू की। इस बीच मुखबीर से सूचना मिली कि चेरहापारा क्षेत्र में एक युवक चोरी की मोटरसायकिल बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहा है। थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डे के नेतृत्व में टीम ने



घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम संतोष कुमार उर्फ मोहन रेड्डी उम्र 33 वर्ष, निवासी पश्चिमी नेपाल गेट चरचा बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। उसके पास से मोटरसायकिल बरामद की गई। वहीं आरोपी की निशानदेही पर झाड़ियों से चोरी किया हुआ गैस सिलेंडर भी मिला। नकदी में से आरोपी ने 3 हजार रूपए खर्च कर दिए थे, जबकि शेष 1 हजार रूपए पुलिस ने जब्त किए। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में कार्रवाई को अंजाम दिया गया।




## 15 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर किए सुपुर्द

**बैकुण्ठपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोरिया पुलिस ने सराहनीय पहल करते हुए कुल 15 गुमशुदा मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए। इनकी अनुमानित कीमत लगभग 3.75 लाख बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार अलग-अलग समय पर विभिन्न नागरिकों ने मोबाइल गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में साइबर सेल टीम ने तकनीकी जांच, ट्रैकिंग और सतत प्रयासों के जरिए इन मोबाइल फोनों को बरामद किया। एसपी कार्यालय रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपते हुए कहा कि कोरिया पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और संपत्ति की रक्षा के लिए निरंतर



प्रतिबद्ध है। गुमशुदा मोबाइल खोजने की यह पहल आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत करेगी। उन्होंने अपील की कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर नागरिक तत्काल नजदीकी थाना अथवा साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर, निरीक्षक विनोद पासवान (साइबर सेल प्रभारी) एवं उनकी टीम मौजूद रही।





